तारीख हुक्म	हुक्म मय कार्यवाही मय इनिशियल्स जज **प्रकरण संख्या :– 111/2021** **प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136**	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
22/3/22	पत्रावली पेश हुई। पत्रावली पर उपलब्ध राजस्व रिकार्ड एवं रिपोर्ट तहसीलदार झुन्झुनूं का ध्यान पूर्वक अवलोकन किया गया। तहसीलदार झुन्झुनूं ने अपनी रिपोर्ट में अंकित किया है कि ग्राम माखर की जमाबंदी सम्वत 2074 से 2077 के खाता संख्या 188 में प्रार्थी खुबचन्द के वारिसान में अपना नाम दर्ज करवाना चाहता है। ग्राम माखर के नामान्तरकरण संख्या 584 दिनांक 18.09.1998 विरासत से खुबचन्द फौत होने पर रामनिवास, सुलतान, महेन्द्र, भागीरथ पिता खुबचन्द हिस्सा 1/3 स्वीकार हुआ है। आवेदक अगर खुबचन्द का वारिस है तो नामान्तरकरण संख्या 584 की अपील कर नाम दुरूस्त करवा सकता है। प्रकरण धारा 136 एल आर एक्ट के अन्तर्गत नहीं होने से प्रार्थना पत्र खारिज योग्य है। पत्रावली का अवलोकन किया गया। प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र पत्रावली में संलग्न राजस्व अभिलेख के अनुसार आवेदक का प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 एल आर एक्ट में पोषणीय नहीं होने से खारिज किया जाता है। पत्रावली फैशल शुमार होकर दर्ज नम्बर से कम हो एवं जाप्ता दाखिल दफ्तर हो। उप खण्ड अधिकारी झुन्झुनूं (राज.)	